सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-487
05/11/2018

तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 नलिनी कांत झा के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 05 नवम्बर 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 नलिनी कांत झा के असामयिक निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि प्रो0 नलिनी कांत झा एक ख्यात प्राध्यापक, शिक्षाविद् एवं प्रबुद्ध विचारक थे। वे भारत की विदेश नीति के भी अच्छे जानकार थे। उन्होंने कई महत्वपूर्ण विषयों पर पुस्तकों की भी रचना की थी। वे विभिन्न राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय शैक्षणिक/सांस्कृतिक संस्थाओं के सदस्य के तौर पर भी जुड़े हुये थे। प्रो0 नलिनी कांत झा के निधन से शिक्षा एवं साहित्य जगत में अपूरणीय क्षति हुई है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******